POLICE COMMISSIONERATE

GAUTAM BUDH NAGAR

सराहनीय कार्य /प्रेस विज्ञप्ति - दिनाकं 31.12.2024

1.थाना सेक्टर-49 पुलिस और शातिर बदमाश के बीच मुठभेड़ के संबंध में--

कार्यवाही का विवरण-- दिनांक 31/12/2024 को थाना सेक्टर-49 नोएडा पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र के सेक्टर-76 मैट्रो स्टेशन के पास पेट्रोल पम्प से केन्द्रीय विहार गोल चक्कर सेक्टर-50 नोएडा जाने वाली रोड़ पर हुई पुलिस मुठभेड़ के दौरान सीवेज प्लाट के पास सर्विस रोड से अभियुक्त नदीम पुत्र तुशियान निवासी चांद वाली मस्जिद, सलारपुर, थाना सेक्टर-39 नोएडा उम्र करीब 24 वर्ष को घायल अवस्था में **गिरफ्तार** किया गया। अभियुक्त द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत के फायरिंग की गई थी जिसपर पुलिस टीम द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में अभियुक्त पैर में गोली लगने से घायल हो गया। घायल अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध देशी तमंचा .315 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस .315 बोर व 01 खोखा कारतूस .315 बोर व चोरी की एक मोटरसाइकिल हीरो होन्डा रजिस्ट्रेशन नंबर UP16DQ0576 व एक मोबाइल वीवो बरामद किया गया है। घायल अभियुक्त को उपचार हेतु चिकित्सालय भेजा गया है। अभियुक्त द्वारा बताया गया कि मैने कुछ दिन पहले गोल्फ सिटी के पास से एक व्यक्ति से धोखे से फोन ले लिया था तथा उसके एटीएम से पैसे निकाल लिये थे। बरामद मोटरसाइकिल उसके द्वारा कुछ दिन पहले सलारपुर से चोरी की गई थी। अभियुक्त पहले भी कई बार जेल जा चुका है। अभियुक्त के अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण--

1. नदीम पुत्र तुशियान निवासी चांद वाली मस्जिद, सलारपुर, थाना सेक्टर-39 नोएडा उम्र करीब 24 वर्ष।

आपराधिक इतिहास का विवरण--

1. मु0अ0सं0 187/2023 धारा 380/411 भादवि0 थाना एक्सप्रेस-वे नोएडा।
2. मु0अ0सं0 442/2023 धारा 380/411/458/34 भादवि0 थाना सेक्टर-113 नोएडा।
3. मु0अ0सं0 480/2023 धारा 399/402/34 भादवि0 व 3/4/25 आयुध अधि0 थाना सेक्टर-113 नोएडा।
4. मु0अ0सं0 523/2024 धारा 2/3 गैगस्टर एक्ट थाना सेक्टर-113 नोएडा।
5. मु0अ0सं0 401/2024 धारा 318(4)/316(2)/115(2)/317(2) बीएनएस थाना सेक्टर-49 नोएडा।

बरामदगी का विवरण--

1. चोरी की 01 मोटरसाइकिल
2. एक मोबाइल फोन।
3. एक अवैध तमंचा .315 बोर मय एक जिन्दा कारतूस .315 बोर व एक खोखा कारतूस .315 बोर।

2.थाना फेस 3 पुलिस द्वारा चोरी करने वाला एक अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल बरामद।

कार्यवाही का विवरण-- दिनांक 31.12.2024 को थाना फेस-3 पुलिस द्वारा लोकल इंटेलिजेंस एवं गोपनीय सूचना के आधार पर कार्यवाही करे हुये अभियुक्त विवेक पाल पुत्र शेर सिंह को सै0 65 के ब्लाक ए के पास से **गिरफ्तार** किया गया है। दिनांक 30.12.2024 को वादी ने ऑनलाइन एफआईआर दर्ज करायी कि अज्ञात चोरो द्वारा वादी का मोबाइल चोरी कर वादी के एकाउंट से 1 लाख 16 हजार रुपये निकाल लिये है।

घटनाक्रम की विवरण-- अभियुक्त का चोरी करने वाला गैंग है जो कि ऑटो रिक्शा में बैठकर मोबाईल चोरी कर लेेते है एवं सिम निकालकर दूसरे फोन में डालकर यूपीआई पिन को फारगेट कर, चोरी किये गये मोबाईल की गैलरी में यदि आधार कार्ड होता है तो आधार कार्ड कीे डिजिट डालकर पैसे निकाल लेते थे। अन्य अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण--

1. विवेक पाल पुत्र शेर सिंह नि0- गली न0-3 विकास का मकान छिजारसी थाना सै0-63 नोएडा गौतमबुद्धनगर उम्र करीब 19 वर्ष

पंजीकृत अभियोग व आपराधिक इतिहास का विवरण--

1. मु0अ0स0 472/24 धारा 303(2)/318(4) बीएनएस व 66 आई टी एक्ट थाना फेस 3 नोएडा
2. मु0अ0स0 288/24 धारा 317(5) बीएनएस थाना सै0 63 नोएडा
3. मु0अ0स0 454/24 धारा 115(2) /191(2) /351(2) /352 बीएनएस 3/4/25 आर्म्स एक्ट थाना सै0 63 नोएडा

बरामदगी का विवरण--

1. एक मोबाइल घटना में प्रयुक्त